किशोरी सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

हिन्दुस्तान टीम,मैनपुरी
Last Modified: Sun, May 10 2020. 23:36 IST

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 16 वर्षीय किशोरी सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा में किशोरी ने आत्महत्या कर ली। किशोरी का शव फांसी पर लटका मिला। शव देखते ही परिवारीजनों में

कोहराम मच गया। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम रविदासपुर निवासी युवक ने जयपुर में अपने कमरे पर फांसी लगा ली। युवक द्वारा फांसी लगाने की खबर गांव आई तो परिवार में कोहराम मच गया।

भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा निवासी अवधेश कुमार की 16 वर्षीय पुत्री ने रोज की तरह खाना खाया। दोपहर बाद अचानक उसने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए जहां चिकित्सकों ने भी मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत के संबंध में परिजन कोई ठोस जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। गमगीन माहौल में किशोरी का अंतिम संस्कार किया गया है। गांव के लोग किशोरी की मौत से दुखी हैं। घटना के संबंध में कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

युवक ने जयपुर में लगाई फांसी, कोहराम

किशनी। थाना क्षेत्र के ग्राम रविदासपुर निवासी सत्यम पुत्र स्व. महेश चंद्र जयपुर के थाना अमरसराय स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था। लॉकडाउन में काम बंद हो गया। तो वह जयपुर स्थित कमरे पर चला गया। परिजनों ने बताया कि वह फोन कर घर आने की बात कह रहा था लेकिन रविवार को खबर मिली तो उसने कमरे पर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत से ग्रामीण दुखी हैं। परिवार के सामने भरण-पोषण की चिंता खड़ी हो गई है। घटना की जानकारी पाकर परिजन जयपुर रवाना हो गए हैं।

Jaipur Kishori Late Satyam

हिन्दुस्तान मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए क्लिक करें

Copyright © 2018 Hindustan Media Ventures Limited. All Rights Reserved.